# वागड़ संदेश

wagadsandesh.com

Tital Code : RAJHIN27802

सम्पर्क
ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351541818

वर्ष-1 अंक-58 सागवाड़ा, शुक्रवार,22 अक्टूबर, 2021 अवधिः हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


## टेम्पो चालक की सूझ-बुझ से बड़ा हादसा टला

**डूंगरपुर।** जिले के कोतवाली थानान्तर्गत शहर में नया बस स्टैंड के पास आज बड़ा हादसा होने से टल गया। मामले के अनुसार शहर में नया बस स्टैंड के पास से गैस सिलेंडर से भरा एक टेम्पो निकल रहा था। अचानक टेम्पो में शोर्ट सर्किट हुआ और धुंआ निकला जिसके बाद टेम्पो चालक ने सूझ-बुझ दिखाते हुए टेम्पो को सड़क किनारे खड़ा कर दिया। इसके बाद ट्रेफिक पुलिस के जवान भी मौके पर पहुंचे और लोगो की मदद से टेम्पो से भरे गैस सिलेंडर को जल्द नीचे उतारा। टेम्पो में 60 सिलेंडर भरे हुए थे। गनीमत रही शोर्ट सर्किट के बाद टेम्पो में आग नहीं लगी वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

## भेमई फला हिण्डोलिया गांव में हो रही थी गांजे की खेती, पुलिस की स्पेशल टीम ने की कार्रवाई

**डूंगरपुर।** जिले की पुलिस की स्पेशल टीम ने चितरी थाना क्षेत्र के भेमई फला हिण्डोलिया गांव में दबिश देकर अवैध गांजे की खेती के खिलाफ कार्रवाई की है।

मामले में डीएसटी ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार किया है। डीएसटी प्रभारी दिलीपदान ने बताया की मुखबिर के जरिये चितरी थाना क्षेत्र के भेमई फला हिण्डोलिया गाँव में ईश्वरलाल डामोर द्वारा खेतो अवैध रूप से गांजे की खेती करने की सुचना मिली थी। जिस पर डीएसटी की टीम ने मौके पर जाकर दबिश दी और खेत से 40 पौधे गांजे के जब्त किये जिनका वजन करीब 22 किलो था।

वही डीएसटी ने आरोपी खेत मालिक ईश्वर को हिरासत में लिया। वही इसके बाद डीएसटी ने जब्त गांजे व आरोपी को चितरी थाना पुलिस को सुपुर्द किया। इधर चितरी थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# महिला प्रिंसिपल ने घर में चुनरी से फांसी का फंदा लगाकर सुसाइड किया

## बच्चे स्कूल से लौटे तो मां को फंदे पर लटका देखा

**डूंगरपुर।** डूंगरपुर के शहर के हाउसिंग बोर्ड शिवाजी नगर में महिला प्रिंसिपल ने घर में चुनरी से फांसी का फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। कोतवाली थाना हेड कांस्टेबल महेंद्र सिंह ने बताया कि हाउसिंग बोर्ड शिवाजी नगर निवासी मर्यादा रोत (41) ने फंदे पर लटककर जान दे दी। मृतका सागवाडा के गणेशपुरी मिडिल स्कूल में प्रिंसिपल थी। मामले में महिला के पति कृषि वैज्ञानिक बीएल रोत ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पति ने बताया कि पत्नी। साल से मानसिक बीमारी से जूझ रही थी। शुक्रवार सुबह पत्नी ने बच्चों को टिफिन देकर स्कूल



भेजा। जिसके बाद तबियत खराब होना बताकर स्कूल के पोर्टल पर ऑनलाइन छुट्टी की एप्लीकेशन डाल दी।पति ने बताया कि सुबह का नाश्ता करने के बाद वह भी करीब 10 बजे ऑफिस के लिए निकल गया। बच्चे स्कूल से लौटे तो मां को फंदे पर लटका देखकर चिल्ला उठे। बेटी चीनू ने फोन पर मां के लटकने की बात बताई। घटना की सूचना पर हेड कांस्टेबल महेंद्र सिंह मय जाब्ता मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारकर डूंगरपुर जिला अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया। पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपा गया।

## रजनीश गुप्ता बने जिला टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष

**डूंगरपुर।**

जिला टैक्स बार एसोसिएशन की बैठक सिसोदिया फार्म हाउस डूंगरपुर में हुई। जिसकी अध्यक्षता पूर्व प्रेसीडेंट हेमंत जी शाह, निलेश संघवी CA, ललित पंचाल ने की। जिसमें बैठक में चुनाव अधिकारी चंद्रशेखर जोशी, अधिवक्ता, व प्रदीप जी जैन तथा चुनाव संयोजक निमेष कुमार जैन अधिवक्ता रहे। एवं समस्त जिला कार्यकारिणी ने सर्व सहमति से एडवोकेट रजनीश गुप्ता को जिला टैक्स बार एसोसिएशनका अध्यक्ष चुना गया। बैठक में टैक्स बार एसोसिएशन के आधार स्तम्भ व वरिष्ठ संरक्षक बृज मोहन लाल जैन को एसोसिएशन द्वारा टैक्स ज्ञान दीप रत्न की उपाधि से अलंकृत किया। एवं वरिष्ठ संरक्षक नर्मदा शंकर जोशी को विनयांजलि दी गई। कोषाध्यक्ष



CA सुभाष कलाल ने एसोसिएशन का वार्षिक हिसाब प्रस्तुत किया। इस दौरान टैक्स बार एसोसिएशन के राजेन्द्र जैन CA, प्रहलाद शर्मा, भूपेंद्र जैन, मुकेश जैन, जगदीश जोशी, कमलेश शाह, हर्ष शाह, जयेश जोशी, नरेंद्र तिलोट, रोचक जैन, राजेश पाटीदार, प्रियंका जैन, सुदीप्ता जैन मौजूद रहे।

## बॉलीवुड में वागड़ का दबदबा



बॉलीवुड हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में वागड़ के लोगों का दबदबा बढ़ता जा रहा है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि शुक्रवार को दिव्यजीत के जन्मदिन में बॉलीवुड के मशहूर म्यूजिक डायरेक्टर बप्पी लहरी पहुंचे और केक काटा। महिला महाविद्यालय सागवाड़ा के डायरेक्टर दीपेन भट्ट के पुत्र दिव्यजीत का जन्मदिन सेलीब्रेट किया गया। जिसमें बप्पी लहरी भी पहुंचे और दिव्यजीत को आशीर्वाद दिया।

## ठाकरड़ा में मातृ समेलन मनाया

**सागवाड़ा।** विद्यानिकेतन उच्च प्राथमिक विद्यालय ठाकरड़ा में मातृ समेलन मनाया।मुख्य अतिथि बाल विकास परियोजना अधिकारी कंचन चौबीसा थी। अध्यक्षता प्रधानाचार्य कल्पना पाटीदार ने की। मुख्य वक्ता विद्याभारती के सह मंत्री सुदेश भाटिया थे। प्रधानाध्यापक विशाल जैन ने अतिथियों का स्वागत एवं प्रतिवेदन पढ़ा। सचिव मोहब्बतसिंह ने अतिथि परिचय दिया।भाटिया ने कहा कि मां शब्द में ब्रह्माण्ड बसा है तथा बालक का महत्व मां ही समझकर स संस्कारों के साथ पालन पोषण करती है। चौबीसा ने कहा कि मां एक निमात्री है जो भावी निर्माण की नींव रखती है। पाटीदार ने उमाशंकर भट्ट ने भी संबोधित किया। माताओं ने शिशु वाटिका की व्यपवस्थाओं का अवलोकन किया। इस दौरान राजेन्द्र पाटीदार, जसोदा रोत, गणेशलाल सुथार, हेमेन्द्र सुथार, देवेन्द्रसिंह सांखला, हर्षवर्द्धन द्विवेदी मौजूद थे। संचालन कीर्ति चौबीसा ने किया।

## नाबालिग स्कूली छात्रा का अपहरण कर दुष्कर्म के मामले में दोषी को 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई

**डूंगरपुर।** जिले की पोक्सो कोर्ट ने नाबालिग स्कूली छात्रा का अपहरण कर दुष्कर्म के मामले में दोषी को 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। वही दोषी पर एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। पोक्सो कोर्ट के विशिष्ठ लोक अभियोजक योगेश जोशी ने बताया की कुआ थाना क्षेत्र निवासी एक पिता ने थाने में 12 फ़रवरी 2020 को रिपोर्ट दी थी की उसकी नाबालिग बेटी। फ़रवरी 2020 को स्कूल पढने गई थी उसके बाद से घर नहीं लौटी और गमेला निवासी राजू उर्फ़ राजेश उसका अपहरण कर गुजरात के पाटन ले गया था और उसके साथ दुष्कर्म किया था। पीडिता के पिता की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और गमेला निवासी राजू उर्फ़ राजेश को गिरफ्तार कर पोक्सो कोर्ट में चालान पेश किया था। इसी मामले में पोक्सो कोर्ट ने आज अंतिम सुनवाई करते हुए आरोपी राजू उर्फ़ राजेश को दोषी करार देते हुए 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई और एक लाख रूपये का जुर्माना भी लगाया है।

## कन्या भ्रूण हत्या करने वालों पर कसेगा शिकंजा, मुखबिर को मिलेगा 3 लाख रुपये इनाम

**डूंगरपुर।** जिले में कन्या भ्रूण हत्या व अवैध भ्रूण लिंग जांच को रोकने के लिए जिले नवाचार करते हुए मुखबिर एजेंट लगाए जाएगे। जिला स्तर पर सक्रिय एजेंट द्वारा कन्या भ्रूण हत्या करने व गर्भस्थ शिशु का लिंग परीक्षण करने वालों की पुख्ता जानकारी व सबूत देने पर मुखबिर योजना के तहत राशि दी जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि जिले में लिंग जांच करने व कन्या भ्रूण की हत्या करने वालों पर शिकंजा कसते हुए नवाचार के रूप में मुखबिर एजेंट सक्रिय किए जाएगे। मुखबिर एजेंट के माध्यम से सूचना सही पाए जाने पर एजेंट को मुखबिर योजना के तहत इनाम के तौर पर दी जाने वाली 3 लाख राशि में से राशि दी जाएगी।कुल प्रोत्साहन राशि-3 लाख रुपये, में से मुखबिर को 1 लाख रुपये 1 लाख 50 हजार रुपये गर्भवती महिला को व 50 हजार रूपय गर्भवती महिला का सहयोगी को दिए जाएगे। ऐसा कृत्य करने वाले लोगो की जानकारी वाट्सएप नं-9799997795 या टोल फ्री नम्बर 104/108 पर कॉल कर के देवे । आप द्वारा दी सूचना को पूर्णतः गोपनीय रखा जाएगा

# आतिशबाजी लाइसेंस के आवेदन 25 अक्टूबर तक

**डूंगरपुर।** दीपावली के त्यौहार में आतिशबाजी के अस्थाई लाईसेंस के आवेदन 25 अक्टूबर, 2021 तक आमंत्रित किए जायेंगें।

कलेक्टर सुरेश कुमार ओला ने बताया कि लाइसेंसियों को केवल ग्रीन आतिशबाजी को बेचने व चलाने की अनुमति होगी। वर्तमान में कोविड-19 की स्थिति, उच्चतम न्यायालय एवं राष्ट्रीय हरित अधिकरण के निर्णय को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश प्राप्त हुए है। ग्रीन आतिशबाजी को दिवाली, गुरूपर्व एवं अन्य त्यौहार पर रात्रि 8 से 10 बजे तक, छठ पर्व पर प्रातः 6 से 8 एवं क्रिसमस एवं न्यू ईयर पर रात्रि 11.55 से 12.30 बजे तक चलाने की अनुमति होगी। ग्रीन आतिशबाजी की पहचान प्रत्येक आतिशबाजी के बॉक्स पर नीरी द्वारा जारी किए गए क्यूआर कोड को स्कैन कर की जा सकती है।

## आवेदन की प्रकिया

आवेदन पत्र में दो रूपये का कोर्ट फीस स्टाम्प लगाना होगा । आवेदन पत्र के साथ 50 रूपये का नॉन-ज्यूडिशियल स्टाम्प पर शपथ-पत्र नोटरी पब्लिक से प्रमाणित करवाकर संलग्न करना होगा। शपथ पत्र का प्रारूप आवेदन पत्र के साथ उपलब्ध होगा। आवेदन पत्र दो प्रतियों में पूर्ण एवं स्पष्ट रूप से भरकर प्रस्तावित व्यापार स्थल के स्पष्ट साइट प्लान, जिसमें व्यवसाय स्थल के चारों और की स्थिति दर्शाई हुई हो एवं पूर्ण पता और हस्ताक्षरशुदा हो साथ ही अग्निशमन यंत्र भरा होने की रसीद के साथ प्रस्तुत करना होगा। गत वर्षों में यदि अस्थाई अनुज्ञा पत्र जारी किया गया हो तो उसकी फोटोप्रति संलग्न करनी होगी। अनुज्ञापत्र की शर्तों के अलावा जन सुरक्षा की दृष्टि से विस्फोटक सामग्री या विस्फोटक पदार्थ की एक दुकान से दूसरी दुकान की दूरी कम से कम 15 मीटर होना आवश्यक है। आवेदन पत्र निर्धारित प्रपत्र में उपखण्ड क्षेत्र के लिए संबंधित उपखण्ड कार्यालय में पूर्ण रूप से भरकर 25 अक्टूबर तक प्रस्तुत किये जा सकेंगे। उक्त तिथि के पश्चात आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

# करा‍ड़ा नीलकंठ शिवालय में लघुरूद्र

**डूंगरपुर।**

महाकाल विप्र मण्डल के भूदेवो की ओर से कोरोना महामारी के कारण लबे समय बाद क्षेत्र में खुशहाली की कामना करते हुए कराड़ा नीलकंठ शिवालय में लघुरूद्र का आयोजन किया।

मण्डल के प्रवक्ता अरुण पाठक ने बताया कि कोरोना काल एवं शोक संतप्त माहौल से उभर कर क्षेत्र में खुशहाली की कामना करते हुए मंडल सदस्य रोहित पंड्या के यजमानत्व में भगवान भोलेनाथ का पूजन कर रूद्रार्चनम् पूर्वक लघुरूद्र का आयोजन किया।

महाआरती एवं प्रसाद वितरण किया। मण्डल की ओर से कराड़ा, पाड़वा एवं पादरा में कोरोना काल में समाज के दिवंगत पुण्यात्माओं को रोहित पण्ड्या, हंसमुख पण्ड्या एवं उमेश पाठक के नेतृत्व में मंत्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मण्डल सचिव महेश भट्ट ने बताया कि आगामी नौ नवबर लाभ पंचमी पर मण्डल का स्नेह मिलन का



आयोजन होगा। म ण् डल उपाध्यक्ष परेश भट्ट, योगेश प ण् ड्या, विशाल पाठक, आशीष उपाध्याय, ध्रुवशंकर ठाकर, भावेश उपाध्याय मौजूद थे।

# पादरडी बड़ी में विकास कार्य के लिए प्रधान ने की 10 लाख की घोषणा



**सागवाड़ा।**

पादरडी बड़ी के ग्रामीणों, भाजपा पदाधिकारियों ने सरपंच लीला देवी और महिला मोर्चा उत्तर मंडल की अध्यक्ष कविता व्यास नेतृत्व में 20 सदस्यीय प्रधिनिधि मंडल सागवाड़ा पंचायत समिति के प्रधान ईश्वरलाल सरपोटा से मिला। प्रतिनिधि मंडल ने बस स्टैंड पर सार्वजनिक चोक पर सीसी ब्लॉक की बात रखी जिसपर प्रधान सरपोटा ने 10 लाख रुपये की घोषणा की।

प्रतिनिधि मंडल में नयन रावल, धर्मेन्द्र एन व्यास, मोगा प्रजापत, राजेन्द्र परमार, देवजी पाटीदार, अंबालाल, नरेन्द्र व्यास, जसवंत सिंह, विक्रम सिंह, देवीलाल पाटीदार, देवीलाल सुथार, दिनेश सुथार, मान शंकर सुथार, मान शंकर जोशी, नंदलाल मीणा, लीलाराम नाई, महेंद्र एम व्यास मौजूद थे।

# गामड़ा ब्राह्मणिया में 25 से होगी खेलकूद प्रतियोगिता, तैयारियों को लेकर बैठक हुई

**सागवाड़ा।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गामड़ा ब्राह्मणिया में शिक्षा विभाग द्वारा 25 अक्टूबर से आयोजित 65 वीं जिला स्तरीय रामावि/उमावि छात्र छात्रा बैडमिंटन टेबल टेनिस 17 एवं 19 वर्ष खेलकूद प्रतियोगिता हेतु पहली तैयारी बैठक उपसरपंच महेन्द्र उपाध्याय, एसडीएमसी के सदस्य दीपसिंह चौहान, चन्द्रवीरसिंह चौहान, पीटीए के अध्यक्ष देवीसिंह चौहान, शिक्षाविद डॉ. नटवरलाल उपाध्याय, वार्ड पंच शांतिलाल पाटीदार, नाथूलाल पाटीदार के आतिथ्य हुई। प्रधानाचार्य कोदरलाल पाटीदार ने स्वागत करते हुवें आसन्न खेलकूद प्रतियोगिता की जानकारी दी।



इस अवसर पर ग्रामवासियों ने खेलकूद प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए हर सम्भव सहयोग करने की बात कही। बैठक में डॉ. नटवरलाल उपाध्याय ने प्रथम दिन के भोजन, प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी छात्र छात्राओं को दूसरे दिन का भोजन लालशंकर शिवराम पाटीदार की तरफ से कराया जायेगा। तीसरे दिन का भोजन प्रधान ईश्वरलाल सरपोटा तथा चौथे दिन का भोजन चंदनसिंह चौहान की तरफ से देने की घोषणा की गई। ग्राम पंचायत ने टेण्ट पाण्डाल, माइक, बिछात कुर्सिया एवं मैदान समतलीकरण, मोतीलाल कलाल ने पारितोषिक वितरण, ए-वन कार डेकोर सागवाड़ा के मालिक पंकज पाटीदार ने टीटी का एक टेबल सेट, मुस्ताक खां पठान ने बैडमिंटन खेल के चार मैदानों की समस्त सामग्री मय पोल, लेम्पस अध्यक्ष जगदीश जोशी ने उद्घाटन समारोह हेतु जलपान, हीरालाल प्रजापत ने अल्पाहार, ठाकुर कमलजीतसिंह चौहान ने चारों दिन पेयजल हेतु आरओ वाटर, ठा. विरसिंह शंभुसिंह चौहान ने चारों दिन के लिये चाय व्यवस्था की घोषणा की।

वीरमल ननोमा, मनोहरलाल जोशी तथा नीलेश प्रवीण उपाध्याय ने ग्यारह ग्यारह रुपये भेट किये। देवजी भाई प्रजापत, दिनेश प्रजापत, नाथू बादरजी, वेलजी बादर, कपिल जोशी, गौतम कचरुजी, गणेशलाल उपाध्याय ने पाच पाच हजार रुपया प्रदान किया। इसके अलावा भी गोविन्द प्रजापत, हरीश जोशी, भगवानलाल यादव, वासुदेव कमजी पाटीदार, ईश्वरलाल पाटीदार, वासुदेव अमरजी, रमनलाल कलाल, मोहनलाल प्रजापत, लोकेश पाटीदार, धर्मेश पाटीदार, दिनेश पाटीदार, बापूलाल भट्ट एवं अन्य ने आर्थिक सहयोग प्रदान किया। बैठक में सर्वसम्मति से प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए एक केंद्रीय समिति का गठन किया जिसमें सरपंच कुसुम परमार, देवीसिंह, नटवरलाल उपाध्याय, दीपसिंह चौहान, जगदीश जोशी, नाथूलाल पाटीदार, मोतीलाल मोडपटेल, चंदनसिंह चौहान, महेन्द्र उपाध्याय, हीरालाल प्रजापत, कांतीशंकर उपाध्याय, चिराग मेहता, राजेश पाटीदार, पंकज पाटीदार, मुश्ताक खान पठान, पवन पण्ड्या, बालकृष्ण, हरीश जोशी, जितेंद्रसिंह, शांतिलाल पाटीदार, दशरथसिंह, मनोहर जोशी, गिरिराजसिंह तथा वीरसिंह चौहान शामिल हैं। बैठक का संचालन वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक हरिशचन्द्र पाटीदार ने तथा आभार पंकज कुमार उपाध्याय ने व्यक्त किया। शेलेश पाटीदार, प्रवीण उपाध्याय, दिनेश जोशी, देवीलाल यादव, मुनव्वर खा पठान, वाला यादव, धर्मेश पाटीदार, हरीश प्रजापत उपस्थित थे।